**भारत सरकार**
**विदेश मंत्रालय**
**लोकसभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या-726**
**दिनांक 07.02.2025 को उत्तर दिए जाने के लिए**

## यूएन में हिंदी को आधिकारिक भाषा का दर्जा दिया जाना

**726. डॉ. एम. पी. अब्दुस्समद समदानीः**

क्या **विदेश** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने संयुक्त राष्ट्र में हिंदी को आधिकारिक भाषा का दर्जा दिलाने के लिए अपने प्रयासों में तेजी लाई है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या भारत सरकार ने उक्त उद्देश्य से कोई निधि आबंटित की है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**
**विदेश राज्य मंत्री**
**(श्री कीर्तवर्धन सिंह)**

(क) और (ख) भारत सरकार ने हिंदी भाषा के प्रचार-प्रसार को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है तथा संयुक्त राष्ट्र एवं अन्य अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर इसकी मान्यता एवं इसके प्रयोग को बढ़ाने के लिए लगातार कदम उठा रही है। हिंदी पहले से ही यूनेस्को की नौ कार्यकारी भाषाओं में से एक है।

सितंबर 2024 में, 'बहुभाषिकता' पर संयुक्त राष्ट्र महासभा के प्रस्ताव में हिंदी भाषा का उल्लेख किया गया है, जिसमें संयुक्त राष्ट्र के वैश्विक संचार विभाग को प्रोत्साहित किया गया है कि वे अपने महत्वपूर्ण संचार और संदेशों का प्रसार हिंदी सहित आधिकारिक और गैर-आधिकारिक भाषाओं में जारी रखें।

(ग) और (घ) वर्ष 2018 में, संयुक्त राष्ट्र प्रणाली के भीतर हिंदी को बढ़ावा देने के लिए संयुक्त राष्ट्र और भारत सरकार के बीच एक स्वैच्छिक वित्तीय योगदान करार पर हस्ताक्षर किए गए थे। इस करार के अनुसार, संयुक्त राष्ट्र ने फेसबुक, ट्विटर और इंस्टाग्राम पर हिंदी सोशल मीडिया अकाउंट के साथ-साथ यूएन न्यूज़ की एक हिंदी वेबसाइट भी शुरू की है। इसके अलावा, संयुक्त राष्ट्र अपने कार्यक्रमों को यूएन रेडियो वेबसाइट पर हिंदी में प्रसारित करता है; साउंड क्लाउड पर एक साप्ताहिक हिंदी समाचार बुलेटिन जारी करता है; हिंदी में एक यूएन ब्लॉग प्रकाशित करता है और यूएन न्यूज़ रीडर मोबाइल एप्लिकेशन का हिंदी एक्सटेंशन भी उपलब्ध कराता है।

*****